एक नजर में

पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन की तहसील इकाई का विस्तार

पाटन : पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन की तहसील बीघापुर पाटन की त्रैमासिक सभा संगठन के जिला उपाध्यक्ष व तहसील अध्यक्ष वेटरन एपी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें संगठन के संस्थापक व प्रदेश अध्यक्ष वेटरन एके दीक्षित भी मौजूद रहे। बैठक में तहसील टीम में चार नए सदस्यों को कैप, बैच व तिरंगा पट्टिका पहनाकर संगठन की विधिवत सदस्यता दिलाई गई। साथ ही कुछ नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। संस

दौलतपुर से माढ़ापुर जाने वाले मार्ग की हालत खराब

फतेहपुर चौरासी : दौलतपुर से माढ़ापुर जाने वाले संपर्क मार्ग की हालत बेहद खराब है। वर्षा के समय सड़कों पर हुए गड्ढों में जलभराव से आवागमन करने वाले लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत झेलनी पड़ रही है। मार्ग अलेल खेड़ा, सकरौली, नैन सुख खेड़ा, शिवपुरी आदि प्रमुख गांव को जोड़ता है। यह मार्ग चार किमी लंबा है। लगभग एक किमी. मार्ग की हालत इतनी खराब है कि आवागमन करने वाले लोगों के पसीने छूट रहे है। स्थानीय लोगों में मुनारे, नूर आलाम, कुंवर शुक्ला, जीत बहादुर सिंह, गुड्डू आदि ने बताया कि एक किमी. मार्ग की हालत एकदम खराब है। संस

घर के दो बक्से तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी

उन्नाव : सदर क्षेत्र के अवस्थीखेड़ा निवासी श्रीकांत त्रिवेदी के घर को निशाना बना चोरों ने नकदी-जेवर समेत लाखों का माल पार कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। पीड़ित श्रीकांत त्रिवेदी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नौ और 10 अगस्त की रात करीब 12 बजे से सुबह चार बजे के बीच अज्ञात चोर घर में घुस आए। चोरों ने दो बक्सों के ताले तोड़ सामान चोरी कर लिया। जासं

तिरंगा यात्रा निकाल दिया देशभक्ति का संदेश

हर घर तिरंगा अभियान में भाजपा ने विभिन्न मंडलों में निकाली तिरंगा यात्रा, राष्ट्र प्रेम की जगाई अलख

- तिरंगा यात्राओं में गूंजा भारत माता का जयघोष, हर घर तिरंगा लगाने का आह्वान
- यात्रा में शामिल लोगों ने राष्ट्र भक्ति का संदेश दिया, यात्रा का समापन बाबा गोदावलेश्वर धाम में हुआ

बांगरमऊ कस्बा में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी व विधायक श्रीकांत कटियार के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा कार्यकर्ता ● जागरण

भगवंत नगर के धानी खेड़ा में तिरंगा यात्रा निकालते कार्यकर्ता ● जागरण

जागरण संवाददाता, उन्नाव : भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित 'हर घर तिरंगा' अभियान में बुधवार को कई मंडलों में भव्य तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। यात्राओं में शामिल भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में गाजे बाजे के साथ निकाली गई यात्राओं में शामिल लोगों ने राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र भक्ति की अलख जगा स्वाधीनता दिवस पर हर घर तिरंगा लहराने का संदेश दिया।

औरस मंडल में क्षेत्रीय विधायक बृजेश कुमार रावत तथा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई।

भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला के नेतृत्व में बीघापुर नगर पंचायत के मां संदोही देवी परिसर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल लोगों ने राष्ट्र भक्ति का संदेश दिया। यात्रा का समापन बाबा गोदावलेश्वर धाम पहुंच कर हुआ। विधायक ने कहा जिन महापुरुषों ने देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद किया उनकी स्मृतियों को हम सभी को जीवंत रखना है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय सैनी, पूर्व अध्यक्ष गोविंद नारायण शुक्ला, पंकज पटेल, संजय शुक्ला, बाराती चौधरी, नागेंद्र द्विवेदी आदि यात्रा में शामिल रहे। बांगरमऊ में भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी और विधायक श्रीकांत कटियार की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति का संदेश दिया। चेयरमैन रामजी गुप्ता समेत बड़ी संख्या में गुप्ता लोग शामिल रहे। एसडीएम ब्रजमोहन शुक्ला व सीओ हर्ष मोदी सुरक्षा में लगे रहे। विधायक श्रीकांत कटियार, ब्लाक प्रमुख संध्या पटेल व भाजपा नेता विवेक पटेल के नेतृत्व में भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी की अगुवाई में गंजमुरादाबाद में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में भारत माता की जय वंदे मातरम का जयघोष गूंजता रहा। यात्रा सदर बाजार, ब्लाक रोड होते हुए, ब्लाक कार्यालय पहुंची यहां क्षेत्र पंचायत कार्यालय के हितैषी सभागार में समापन हुआ। विभिन्न स्कूलों के बच्चों समेत पंकज शुक्ल, नीरज तिवारी, सोनू सिंह, रामनरेश कुशवाहा आदि शामिल रहे। हसनगंज के कस्बा मोहान में बुधवार को चेयरमैन समरजीत यादव और भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनरेश सिंह की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा पदयात्रा निकाली गई। पूरा कस्बा देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। हर्ष श्रीवास्तव, कपिल निगम, बड़कके कश्यप, अजीत सिंह, शुभम तिवारी आदि शामिल रहे। औरास ब्लाक सभागार परिसर से चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा तक गाजे बाजे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल लोगों ने युवा पीढ़ी में राष्ट्र प्रेम जागृत करने का संदेश दिया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष सरोज सिंह, विजय सिंह, प्रबोध त्रिपाठी, चंद्रपाल प्रकाश आदि शामिल रहे। मियागंज ब्लाक परिसर से सफीपुर विधायक बम्बालाल दिवाकर व हैदराबाद नगर पंचायत अध्यक्ष बृज किशोर वर्मा के नेतृत्व में बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा लखनऊ बांगरमऊ मार्ग से होते हुए हैदराबाद के कालिका माता मंदिर प्रांगण पहुंची जहां समापन हुआ। सुमित मिश्रा, वेद प्रकाश वर्मा, प्रखर बाजपेई, सचिन थारू, संदीप कुमार, तारा बाबू, आएशा चौधरी आदि यात्रा में शामिल रहे। मौरावां में पुरवा विधायक अनिल सिंह ने तिरंगा यात्रा निकाली गई। मौरावां के माही कार्यालय से शुरू होकर यात्रा मोतेश्वर महादेव मंदिर तक गई जहां समापन हुआ। स्थानीय लोगों व व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का जगह जगह स्वागत किया। चेयरमैन विवेक सेठ पत्नी पल्लवी सेठ के साथ यात्रा में शामिल रहे। मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता व अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। बांगरमऊ में सुबह 10 बजे कोतवाली पुलिस ने बाइक तिरंगा यात्रा निकाली।

स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पुरवा विधायक अनिल सिंह ● जागरण

छात्रों व एनसीसी कैडेट ने निकाली तिरंगा रैली

बांगरमऊ के विश्वंभर दयालु त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय से भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें एनसीसी कैडेट और स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम का जयघोष करते हुए चल रहे थे। सभी राष्ट्र सर्वोपरि का संदेश दिया।

हर घर तिरंगा अभियान में न की जाए लापरवाही : डीएम

जागरण संवाददाता, उन्नाव : हर घर तिरंगा और स्वतंत्रता दिवस को लेकर की गई तैयारियों की डीएम घनश्याम मीना ने विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। डीएम ने निर्देश दिया स्वाधीनता दिवस और हर घर तिरंगा अभियान में किसी तरह की लापरवाही न करें।

डीएम ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा, कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, सजावट, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा के साथ ही हर घर तिरंगा की तैयारियों की जानकारी ली। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में हर घर में तिरंगा झंडा फहराया जाना चाहिए। खण्ड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारी विशेष सफाई अभियान चलवाएं। डीएम ने कहा कि झंडे के प्रोटोकाल का विशेष ध्यान रखा जाए सम्मान और प्रतिष्ठा के साथ फहराया जाए। सभी सरकारी, गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में रंगीन लाइट लगवाई जाएं।

सेल्फी प्वाइंट के साथ सेल्फी लेकर बेवसाइट पर अपलोड किया जाए। डीएम ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व के आयोजन में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करें। सभी शैक्षणिक संस्थानों में प्राथमिकता के साथ स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम भव्यता के साथ होने चाहिए। तिरंगा रैली, झंडा रोहण प्रभात फेरी का आयोजन कराया जाए।

जिला क्रीड़ा अधिकारी क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन कराएं। उपायुक्त उद्योग सभी औद्योगिक इकाइयों में बेहतर साफ सफाई अभियान चलावाएं। उनमें तिरंगा लाइट लगवाई जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार, एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, सिटी मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में हर घर में तिरंगा झंडा फहराया जाना चाहिए

151 मीटर तिरंगा के साथ आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

जागरण संवाददाता, उन्नाव : परंपरागत रूप से शहर में गुरुवार को नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व यात्रा संयोजक विमल द्वारा 151 मीटर लंबे तिरंगा के साथ आज गुरुवार 13 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। बुधवार को यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

तिरंगा यात्रा के संयोजक, नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने बताया कि विशाल तिरंगा यात्रा गांधी नगर तिराहे से प्रातः 10 बजे आरंभ होगी। जिसका समापन शहर के बाबूगंज स्थित लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्र प्रेमी 151 मीटर लंबा तिरंगा थाम कर चलेंगे।

यह यात्रा राष्ट्र की एकता और अखंडता के पर्व 'अखंड भारत दिवस' की पावन स्मृति को समर्पित होगी। यात्रा में राष्ट्र और देशभक्ति का संदेश देने वाली झांकियां भी शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि यात्रा में अगुवाई करने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी और सदर विधायक पंकज गुप्ता को भी आमंत्रित किया है।

मगरमच्छ जाल फाड़कर गंगा में गया, वीडियो प्रचलित

संवाद सहयोगी, जागरण ● शुक्लागंज : गंगानदी में एक मगरमच्छ के मछुआरों के गंगा में डाले गए जाल में फंसने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रचलित हुआ है। मामला बीते मंगलवार दोपहर तीन बजे का बताया जा रहा है। इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बालूघाट चौकी इंचार्ज अरुण त्रिपाठी का कहना है कि पुलिस को इस तरह की कोई सूचना नहीं मिली है।

मनोहरनगर व उसके आस पास के क्षेत्र में गंगानदी में कुछ मछुआरों ने बीते मंगलवार को दोपहर में मछली पकड़ने को जाल डाला था। इसमें एक मगरमच्छ फंस गया। जैसे ही मछुआरों ने जाल को खींचना शुरू किया तो मगरमच्छ देख उनके होश उड़ गए। मगरमच्छ लगभग पांच मिनट तक तक जाल में फंसा रहा उसके बाद जाल फाड़ कर गंगानदी में चला गया। लोग तमाशा देखते रह गए। गोताखोरों में हलीम व शकील और गुलजार ने बताया कि शिकारियों के जाल में बीते मंगलवार को फंसे मगरमच्छ का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रचलित हुआ है।

जाल में फंसा मगरमच्छ ● वीडियो वीब

ट्रेन में मिलीं उन्नाव की दो किशोरियां

जागरण संवाददाता, उरई : घर से नाराज होकर ट्रेन से जा रहीं दो किशोरियों को आरपीएफ ने बरामद कर चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपुर्द किया। बाद में चाइल्ड हेल्पलाइन की मौजूदगी में दोनों बच्चियों को उनके माता-पिता को सौंप दिया गया। मंगलवार रात ट्रेन (15023) गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस से उन्नाव के थाना पुरवा क्षेत्र के एक गांव निवासी 15-15 वर्षीय किशोरियां जा रही थीं।

आरपीएफ को कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि ट्रेन के बी-1 कोच में दो किशोरियां जा रही हैं। संदेह है कि वे घर से भागकर जा रही हैं। जिस पर आरपीएफ ने ट्रेन के आने पर किशोरियों से जानकारी की। टीटीई ने दोनों किशोरियों को आरपीएफ टीम के हवाले किया। पूछताछ में उन्होंने घर से नाराज होकर निकलने की बात कही।

पांच सेमी बढ़ा गंगा का जलस्तर, शुक्लागंज के तटवर्ती मुहल्लों में चलीं नावें

- पश्चिमी गंगाघाट के गोताखोर, शाहीनगर व करबला में दो सैकड़ा मकान पानी से घिरे
- पश्चिमी गंगाघाट में लोगों के आवागमन के लिए 10 नाव लगाई गई हैं, जलस्तर पर है नजर

गोताखोर मुहल्ले में नाव से आवाजाही करते लोग व पश्चिमी गंगाघाट में गंगा के पानी से घिरे मकान ● जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण ● शुक्लागंज : गंगा का जलस्तर पांच सेंटीमीटर और बढ़ गया है। गंगा चेतावनी बिंदु से 13 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। जलस्तर बढ़ने से गंगा किनारे के मुहल्लों में रहने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पश्चिमी गंगाघाट में गोताखोर, शाहीनगर व करबला मुहल्लों में लगभग दो सैकड़ा मकान पानी से घिरे हैं। इन मुहल्लों में लोग नाव से आवागमन कर रहे हैं। आवागमन के लिए प्रशासन ने 10 नावें लगा दी हैं।

केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के अनुसार बीते मंगलवार को शाम छह बजे गंगा का जलस्तर समुद्र तल से 112.080 मीटर रिकार्ड किया गया था। जो बुधवार को शाम छह बजे पांच सेंटीमीटर बढ़कर 112.130 मीटर पर पहुंच गया है। जलस्तर बढ़ने से मिश्रा कालोनी, मनोहरनगर, बालूघाट, सीताराम कालोनी, शक्तीनगर, इंदिरानगर, गंगानगर, बहादुर बगिया, गंगानगर, रविदासनगर व आलमनगर आदि तटवर्ती मुहल्लों में रहने वाले लोगों की धड़कनें बढ़ गई हैं। बता दें कि शुक्लागंज में गंगा का चेतावनी बिंदु 112.000 मीटर पर व खतरे का निशान 113.000 मीटर पर है। क्षेत्रीय लेखपाल प्रशांत अवस्थी ने बताया कि पश्चिमी गंगाघाट में लोगों के आवागमन के लिए 10 नाव लगाई गई हैं। जलस्तर पर नजर रखी जा रही है।

एनसीसी के छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली

खजान सिंह महाविद्यालय में तिरंगा यात्रा निकालते छात्र व छात्राएं ● प्रबंधक

उन्नाव : 57 एनसीसी बटालियन के कमांड अधिकारी रजत पान्डेय के निर्देशन में चौधरी खजान सिंह महाविद्यालय लोक मगर उन्नाव की एनसीसी यूनिट के द्वारा घर-घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली को महाविद्यालय के निदेशक रवि राज एवं प्राचार्या डा सुधा सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय से शुरू होकर हरदोई रोड होते हुये चौरा रोड पर ग्रीन गार्डन गेस्ट हाउस में समाप्त हुयी। रैली ली में बडी संख्या में कैडेट एवं विद्यार्थी शामिल थे। जो उत्साह के साथ देशभक्ति के नारे लगा रहे थे। रैली में महाविद्यालय के निदेशक रविराज, प्राचार्या सुधा सिंह, एएनओ. लेफ्टिनेंट अतुल शुक्ल, डा नेहा त्रिवेदी सौरभ कुमार, चन्द्रमणि, अण्डर आफीसर रितिक पटेल, अंडर आफीसर सांची मिश्रा शामिल रहे। विवि,

नशेबाजों ने बुजुर्ग को पीटा, मुहल्ले के लोगों ने किया हंगामा

जासं, उन्नाव: शहर के मुहल्ला लोधनहार में खुला शराब ठेका अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। मंगलवार रात नशे में धुत कुछ लोगों ने एक बुजुर्ग को पीट दिया। लोग जब तक दौड़ते आरोपित भाग निकले।

नशेड़ियों का जमावड़ा लगने से लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने मांग की कि शराब ठेका बंद कराने की मांग शुरू कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कर वहां से हटाया। उधर किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रचलित कर दिया। वीडियो में कुछ युवक बुजुर्ग को पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं।

नारकोटिक्स विभाग की टीम ने दो भांग फैक्ट्रियों में की छापेमारी

जासं, उन्नाव: सदर क्षेत्र के मगरवारा चौकी क्षेत्र के नेहरूबाग औद्योगिक एरिया में संचालित ओम फार्मा व लुमेक कंपनी में बुधवार दोपहर एंटी नारकोटिक्स विभाग की टीम ने आबकारी विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की। चर्चा है कि लाइसेंस से अधिक स्टाक होने की जानकारी पर टीम जांच करने पहुंची। दोपहर दो बजे से रात तक जांच जारी रही।

जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र ने बताया कि दोनों फैक्ट्रियों को भांग की गोली बनाने का लाइसेंस उनके विभाग से दिया गया है। आशंका है कि नारकोटिक्स विभाग लखनऊ की टीम को क्षमता से अधिक स्टाक होने और मानकों से छेड़छाड़ की शिकायत मिली। इस पर बुधवार दोपहर लगभग दो बजे आठ सदस्यीय टीम ने दोनों फैक्ट्रियों में छापेमारी की। इस दौरान आबकारी निरीक्षक भवानी प्रसाद भी साथ रहे। टीम ने कंपनी परिसर में उत्पादन प्रक्रिया, स्टाक, कच्चे माल और तैयार सामग्री से संबंधित दस्तावेजों की गहनता से जांच की। टीम ने कंपनी के विभिन्न हिस्सों में जांच की और प्रबंधन तथा कर्मचारियों से पूछताछ भी की। टीम की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। रात तक टीम दोनों फैक्ट्रियों में मौजूद रही।

पीएम और सीएम पर अभद्र टिप्पणी का वीडियो प्रचलित

संस, जागरण ● बांगरमऊ : मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करते हुए एक युवक का वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रचलित हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इंस्टाग्राम की एक आइडी द्वारा एक युवक ने वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो में दिखा रहा युवक बेहटा मुजावर क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। युवक की इंस्टाग्राम आइडी भी प्रचलित हुई है। बेहटा मुजावर थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि वीडियो में दिख रहा युवक दिल्ली में रहता है और वहीं से वीडियो अपलोड किए जाने की बात सामने आ रही है।

KALYAN SINGH SUPER SPECIALTY CANCER INSTITUTE
कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002
सी०जी० सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ-226002
(An Autonomous Institute of the Govt. of Uttar Pradesh)
उत्तर प्रदेश सरकार का स्वायत्तशासी संस्थान
executiveregistrar.kssscl@gmail.com

RECRUITMENT NOTICE
For Administrative Post on Deputation

S. No.	Name of Post	No. of Posts	Max. Age/ Pay Scale
1.	Senior Administrative Officer (वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी)	01	56 Years Pay Scale : ₹9300-34800, Grade pay: ₹4800
2.	Administrative Officer (प्रशासनिक अधिकारी)	02	56 Years Pay Scale : ₹9300-34800, Grade pay: ₹4600
3.	Store Purchase Officer (भण्डार क्रय अधिकारी)	01	56 Years Pay Scale : ₹9300-34800, Grade pay: ₹4600

The application form and detailed information are available on the Institute's website: www.cancerinstitute.edu.in
Advt. No. KSSSCI/Rectt./Deput./ER-04/2026-27 **DIRECTOR**

टेबल टेनिस में एलपीएस ने जीता कांस्य पदक

मेडल व शील्ड के साथ लखनऊ पब्लिक स्कूल की छात्राएं ● शिक्षक

उन्नाव : लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी. सिंह फाउंडेशन), प्रियदर्शिनी नगर, सेक्टर-बी के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए सीबीएसई क्लस्टर- चार टेबल टेनिस प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया है। कानपुर के सर पदमपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर में आयोजित इस प्रतियोगिता के अंडर-17 बालिका वर्ग में विद्यालय की टीम ने पदक अपने नाम किया है। सफलता में टीम की खिलाड़ी श्रद्धा पाल, कृति सिंह, नंदिनी सिंह और अन्या सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने अपनी असाधारण खेल भावना, एकाग्रता और बेहतरीन रणनीति का परिचय दिया। कड़े मुकाबलों में संघर्ष करते हुए उन्होंने पदक हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने सभी विजेता खिलाड़ियों और कोच को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। विवि

शराब सप्लाई करने वाला उन्नाव का युवक गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, चित्रकूट : मध्य प्रदेश से शराब लाकर ट्रेन के जरिए बिहार तक सप्लाई करने वाले उन्नाव निवासी आशीष कुमार पटेल को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से अंग्रेजी शराब के 96 क्वार्टर बरामद हुए हैं।

चित्रकूटधाम कर्वी जीआरपी प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह के अनुसार मंगलवार शाम प्लेटफार्म नंबर एक पर गेस्ट हाउस के पास संदिग्ध हालत में बैठे आशीष को दो बैग के साथ पकड़ा गया। आरोपित उन्नाव थाना बीघापुरजमुनाहार का निवासी है।

जीआरपी प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आशीष मध्य प्रदेश क्षेत्र से सस्ते दाम में शराब खरीदता था। इसके बाद ट्रेन में सवार होकर रास्ते में शराब बेचता हुआ बिहार तक जाता था। इसी कारोबार से वह अपना खर्च चलाता था। जीआरपी ने शराब बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार किया और आवश्यक कार्रवाई के बाद बुधवार को उसे जेल भेज दिया। पुलिस अब यह भी पता लगाने में जुटी है कि शराब की खरीद और बिक्री के इस नेटवर्क में उसके साथ और कौन लोग जुड़े हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

शाखा: उन्नाव, आईबीपी पेट्रोल पम्प के पास, मोती नगर उन्नाव 209801

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना [परिशिष्ट-IV ए] नियम 6 (2) व 8(6) व 9(1) के प्रावधान देखें,

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 6(2) व 8(6) व 9(1) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनः निर्माण और प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

जन साधारण तथा विशेषतः ऋणकर्ताओं, बंधककर्ताओं व गारंटरों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूतित ऋणदाता के पास रेहन रखी/प्रभारित/गिरवी निम्न उल्लेखित अचल संपत्ति जिसका कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रत्याभूतित ऋणदाता के **प्राधिकृत अधिकारी** द्वारा लिया गाय है। इसकी बिक्री निम्न निर्दिष्ट बकाया राशि की वसूली हेतु **"जैसे है जहां है" "जैसे है जो है" और "जो कुछ वहां है"** के आधार पर की जाएगी।

ऋणकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/गारंटरों/प्रत्याभूतित परिसंपत्ति/बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि व समय, ईएमडी व बोली वृद्धि राशि निम्नानुसार है।

ई-नीलामी की तिथि: 18.09.2026 | **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 14.09.2026 सायं 04.00 बजे तक**

क्र. सं.	ऋणियों/जमानतदारों/बंधकदारों का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो	कुल बकाया	ई-नीलामी की तिथि व समय	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक/भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
1.	मेसर्स पाण्डेय इंटरप्राइजेज, द्वारा इसके प्रोपराइटर श्री अखिलेश पाण्डेय पुत्र श्री राधे श्याम पाण्डेय (ऋणी) श्री अभिषेक पाण्डेय (जमानतकर्ता)	सम्पत्ति की सभी मय व खण्ड स्थित भूमि वियरिंग प्लॉट सं. 826 एवं 1414, क्षेत्रफल 0.316 हेक्टेयर स्थित ग्राम माखी, परगना असियान, रसूलाबाद, तहसील हसनगंज, जिला उन्नाव-209801, उत्तर प्रदेश, **मालिक:** श्री अखिलेश पाण्डेय एवं श्री अभिषेक पाण्डेय, **चौहद्दी: पूर्व:** राउ से रसूलाबाद रोड, **पश्चिम:** श्री रामेंद्र सिंह का प्लॉट, **उत्तर:** चक रोड, **दक्षिण:** रामेंद्र सिंह का प्लॉट	रू. 37,65,210.13 + दिनांक 08.08.2026 से संविदात्मक दर पर मासिक किस्तों के साथ ब्याज एवं भुगतान की तिथि तक लागत, शुल्क एवं खर्चे सहित	1. ई-नीलामी की तिथि 2. ई-नीलामी का समय (प्रारंभ समय से समाप्ति समय तक) **ई-नीलामी की तिथि: 18.09.2026 ई-नीलामी का समय: दोपहर 02:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक**	1. आरक्षित धनराशि/ 2. अग्रिम धनराशि/ 3. बिड बढ़ोत्तरी राशि **रू0 64,62,000/-** (आरक्षित मूल्य) **रू0 6,46,200/-** (अग्रिम धनराशि) **रू0 10,000/-** (न्यूनतम बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक कब्जा	16.09.2026 प्रारंभ समय: शाम 4:00 बजे से समाप्ति समय: शाम 5:00 बजे

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट **https://www.bankofbaroda.in/e-auction** एवं **Baanknet.com** पर जाएं। इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी से **मोबाइल नंबर 8601804333** पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 12.08.2026 **स्थान: उन्नाव** **हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा**